Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to develop a waterway on Saryu river between Manjhi in Bihar and Ayodhya in Uttar Pradesh -laid.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): बिहार में मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण जिला अंतर्गत मांझी, सरयू नदी (घाघरा) के किनारे स्थित है। मांझी पुरातात्विक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। धार्मिक दृष्टि से भी इस स्थल की प्रसिद्धि है। विशेष बात यह है कि यह स्थल उत्तर प्रदेश की बलिया जनपद की सीमा पर स्थित है। माना जाय तो मांझी पूर्वी उत्तर प्रदेश को सीधे तौर पर बिहार से जोड़ता है। पर्यटन की दृष्टि से भी लोग मांझी से बिहार के अन्य पर्यटन क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश के पर्यटक स्थल और धार्मिक स्थलों विशेष रूप से देश के धार्मिक केंद्र रामनगरी अयोध्या आना-जाना करते है। चूंकि अयोध्या भी मांझी की तरह सरयू (घाघरा) नदी के किनारे स्थित है। इसलिए मांझी एवं अयोध्या को सीधे तौर पर जलीय मार्ग से जोड़ते हुए जलीय यातायात शुरू किया जा सकता है। वर्तमान में यहाँ से उत्तर प्रदेश सहित अन्य स्थलों पर यातायात के लिए रेल एवं सड़क यातायात की सुविधा तो उपलब्ध है ही।

मांझी से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक सरयू नदी में एक जलीय मार्ग विकसित किये जाने से सड़क एवं रेल यातायात के भार को भी कम किया जा सकता है। सबसे प्रमुख बात यह है कि देश के जलीय पर्यटन एव धार्मिक स्थलीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। वैसे भी हमारी सरकार पर्यटन एवं जलीय यातायात को विकसित करने के प्रति गंभीर रूप से प्रयासरत है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि हमारे संसदीय क्षेत्र के मांझी से उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक यातायात के लिए सरयू नदी (घाघरा) में एक वृहद जलीय यातायात मार्ग को शुरू करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाया जाये जिससे की जनता को जलीय मार्ग से भी यात्रा करने की सुविधा मिल सके।